# सेवा निर्यात में हर सेक्टर की बढ़ रही हिस्सेदारी

## ट्रैवल, फाइनेंशियल सर्विसेज, मनोरंजन, रिपेयर जैसी सेवाओं के निर्यात में हो रही है लगातार बढ़ोतरी


**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** ट्रैवल, फाइनेंशियल सर्विस, मनोरंजन, निर्माण जैसे सेक्टर में भारतीय सर्विस की मांग विदेश में लगातार बढ़ रही है और इस वजह से देश के सर्विस निर्यात में लगातार मजबूती आ रही है। हालांकि अब भी देश के सर्विस निर्यात में कंप्यूटर, संचार एवं सूचना सर्विस की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2023 में सर्विस निर्यात वर्ष 2022 की तुलना में 11.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 345 अरब डालर रहा।

भारतीय सेवा की विदेश में बढ़ती मांग को देखते हुए वैश्विक वित्तीय संस्थान गोल्डमैन सैस का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत का सर्विस निर्यात 800 अरब डालर का हो जाएगा। वर्ष 2005 में वैश्विक सर्विस निर्यात में भारत की हिस्सेदारी दो प्रतिशत थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई जबकि इस अवधि में भारत के वस्तु निर्यात की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से बढ़कर 1.8 प्रतिशत ही हो पाई। सर्विस निर्यात पिछले कई सालों से सालाना 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

- अब भी देश के सर्विस निर्यात में कंप्यूटर, संचार एवं सूचना सर्विस की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक
- 2023 में सर्विस निर्यात वर्ष 2022 की तुलना में 11.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 345 अरब डालर रहा

| | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| कुल सेवा निर्यात | 309.37 | 345 |
| संचार व कंप्यूटर | 144.80 | 162.59 |
| अन्य बिजनेस सेवा | 74.93 | 88.21 |
| ट्रैवल | 21.36 | 32.19 |
| ट्रांसपोर्ट | 37.53 | 29.37 |
| फाइनेंशियल सर्विस | 7.34 | 8.54 |
| सांस्कृतिक व मनोरंजन | 3.83 | 4.23 |
| बौद्धिक संपदा इस्तेमाल | 1.17 | 1.53 |

सभी आंकड़े अरब डालर में : स्रोत: वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय




### लगातार बढ़ रही भारतीय वित्तीय प्रोफेशनल्स की मांग

जानकारी के मुताबिक पश्चिम एशिया के देशों में भारतीय वित्तीय प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। इंश्योरेंस और पेंशन सर्विस के निर्यात में भी बहुत संभावनाएं दिख रही हैं। भारत के पक्ष में एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्विस आयात सर्विस निर्यात से कम है। वर्ष 2023 में सर्विस आयात 248 अरब डालर का रहा जो वर्ष 2022 से 0.4 प्रतिशत कम है। वर्ष 2023 में चीन के सर्विस निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**बौद्धिक संपदा से जुड़े सर्विस निर्यात में 30% की बढ़ोतरी :** वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल 345 अरब डालर के सर्विस निर्यात में कंप्यूटर, संचार व सूचना सर्विस की हिस्सेदारी 162.59 अरब डालर की रही। वर्ष 2022 में 310 अरब डालर का सर्विस निर्यात किया गया था और उस समय संचार और कंप्यूटर की हिस्सेदारी 144.8 अरब डालर थी। वर्ष 2023 में ट्रैवल सर्विस के निर्यात में 50.69 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विस में 16.46 प्रतिशत, निर्माण में 21.01 प्रतिशत तो रिपेयर सेवा में 6.26 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। अन्य प्रकार के बिजनेस सर्विस के निर्यात में वर्ष 2023 में 17.73 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। बौद्धिक संपदा से जुड़े सर्विस निर्यात में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।